रणजीत टाइम्स
इंदौर
गुरुवार, 17 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 178 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# मध्य प्रदेश पुलिस का 15 दिवसीय
## जागरूकता अभियान नशे से दूरी हैं जरूरी



**स्कूली बच्चों ने बरसते पानी में दिया संदेश, रेली के माध्यम से नशा मुक्ति को लेकर जन जागरूकता जागरण अभियान शुरु महू, एमपी पुलिस के तत्वाधान में संपूर्ण प्रदेश में नशा मुक्ति के खिलाफ जन जागरण अभियान शुरु किया गया।**

इस अभियान के माध्यम से पुलिस नशे से क्यों जरूरी है दूरी को लेकर शहर व अंचल में अनेक आयोजनों के माध्यम से लोगों से रूबरू होगी और इस सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए जन को जागरूक करेगी। मंगलवार को सीबी गर्ल्स स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर, इंदौर ग्रामीण आईजी अनुराग, डीआईजी निमिष अग्रवाल, एसपी हितिका वासल, एसडीएम राकेश परमार सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में नशे से दूरी हैं जरूरी जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अतिथियों ने नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर अपनी बात रखी, खासकर युवा पीढ़ी से किसी भी तरह के नशा आदि से दूर रहने के साथ ही सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने का आव्हान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यकम के बाद पुलिस द्वारा आयोजित रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकली, जिसमें शामिल छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन लिखे तख्तियों को हाथ में थामे रहे, वही उद्घोष के माध्यम से जन जागरण किया। इस दौरान तेज बारिश के बावजूद रैली में शामिल बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### जीआरपी महू ने भी शुरू किया अभियान

पुलिस के प्रदेश स्तरीय नशे से दूरी हैं जरूरी जन जागरण अभियान के तहत डा आंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन व रेलवे परिसर में मंगलवार को जीआरपी पुलिस के तत्वाधान में 15 दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान शुरु किया गया, इस दौरान रेल यात्रियों व मौजूद लोगों को नशे से दूरी रहने की सलाह दी गई तथा उन्हें जागरूक किया गया। इस मौके पर नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों की मदद से अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पखवाड़े तक अनेक आयोजन किए जाएंगे।

# इंदौर में 16वां हुसैनी लंगर संपन्न
## हज से लौटे हाजियों का हुआ सम्मान





इंदौर, मोती तबेला – ग़ुलाम ए पंजतन कमेटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इमाम हुसैन की याद में 16वां हुसैनी लंगर बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन समाज में इंसानियत, त्याग और सेवा के पैग़ाम को फैलाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और लंगर में शिरकत की। इस मौके पर हज से लौटे हाजियों का सम्मान भी किया गया। विशेष स्वागत सर्व धर्म संघ के अध्यक्ष मंज़ूर बैग , असलम पठान द्वारा हाजी इलयास पहलवान, हाजी यूनुस ख़ान, हाजी इलयास ख़ान, हाजी फ़ारूक़ हुसैन का किया गया । ग़ुलाम ए पंजतन कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से शामिल रहे मुख्य रूप से संयोजकः नसीर नूर अध्यक्षः तहसीन खान उपाध्यक्षः राजिक शेख सचिवः मोहम्मद शादाब सदस्यः उजेर खान, इरशाद हुसैन, सदीक नूर, रिजवान शेख, नईम खान, फैजान शेख, अली पठान, मोजीब खान उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन मोती तबेला, इंदौर में किया गया, जहां क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लंगर वितरण और हाजियों के सम्मान समारोह ने भाईचारे और मोहब्बत का संदेश दिया। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद में हर साल आयोजित किया जाता है, ताकि नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा मिले और समाज में सेवा, समर्पण और इंसानियत की भावना बनी रहे।

## इंदौर के पास महू विधानसभा स्थित भाटखेड़ी पंचायत के बाबूबली नेता मेहमूद सेठ के देहांत होने के बाद भाट खेड़ी पंचायत में उपचुनाव हो रहे है

जिसमे दोनों ही प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के है | एक तरफ है मेहमूद सेठ के पुत्र अजर मेहमूद सेठ तो दूसरी और है राजेंद्र गुज्जर और दोनों प्रत्याशी में भारतीय जनता पार्टी दो भागो में बटी हुई नजर आ रही है |इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है की राजेंद्र गुज्जर के समर्थन में स्वयं स्थानीय विधायक खड़ी है तो वही अजर मेहमूद सेठ के समर्थन में कैलाश विजयवर्गीय गुट खड़ा हुआ है | आज रॉयल रेसीडेंसी में अजर मेहमूद सेठ के चुनाव प्रचार हेतु कार्यलय की शुरुवात की गई जिसमे भाजपा के वरिष्ठ नेता राधे श्याम यादव , शेखर बुंदेला , युवा मोर्चा के इंदौर जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर कांग्रेस से भाजपा में आये पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार सहित कई नेता पहुंचे कार्यलय की ओपनिंग



में जिसमे राधे श्याम यादव ने खुलकर कहा की विधायक की पसंद है राजेंद्र गुज्जर हमारी पसंद तो अजर मेहमूद सेठ है | क्युकी ये जंक्शन के नेता है | जिसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने अजर मेहमूद सेठ का साफा पहना कर स्वागत किया और फिर उनके साथ घूम कर प्रचार प्रसार भी किया लोगो से अजर मेहमूद सेठ के चुनाव चिन्ह चश्मे पर मोहर लगाकर ज्यादा से ज्यादा बहुमत से जिताने की अपील भी की जिस पर जनता ने भी अजर मेहमूद सेठ को तिलक लगाकर व् पुष्पाला पहना कर भरपूर प्यार और जित का आशीर्वाद दिया |

# खनियांधाना जनपद पंचायत के ग्राम बहर्रा के मजरा बागपुरा में जान जोखिम में डाल रहे ग्रामीण, रास्ता और बिजली न होने से बढ़ी मुश्किलें













**आने-जाने के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं है। बच्चों को भी इसी खतरनाक रास्ते से गुजर कर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा पर लगातार खतरा बना रहता है। रास्ता न होने के अलावा, ग्रामीण बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से भी जूझ रहे हैं। यह सिर्फ एक स्थानीय समस्या नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों की जिंदगी को प्रभावित करने वाली एक गंभीर चुनौती है, जिस पर प्रशासन की लगातार अनदेखी बनी हुई है।**

### खतरनाक रास्ते से मजबूरी

बागपुरा के ग्रामीणों की मुख्य समस्या उनके आवागमन का रास्ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले खेतों से होकर एक रास्ता था, लेकिन अब उसे बंद कर दिया गया है। इसके चलते, उनके पास 3 फीट गहरे तालाब नुमा पानी में से होकर निकलने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। " यह रास्ता न सिर्फ संकरा और असुरक्षित है, बल्कि बारिश के मौसम में तो तालाब में गिरने का खतरा और भी बढ़ जाता है। मरीजों को खटिया पर रखकर ले जाना पड़ रहा है इलाज को, क्योंकि निकलने के लिए कोई रास्ता नहीं है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए भी इसी जोखिम भरे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ता है," जिससे उनकी पढ़ाई और सुरक्षा दोनों प्रभावित होती हैं। बाजार जाने के लिए भी ग्रामीणों को इसी खतरनाक रास्ते का उपयोग करना पड़ता है, जिससे उन्हें हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### प्रशासन की अनदेखी और केंद्रीय मंत्री का संज्ञान

ग्राम पंचायत सरपंच ने भी इस बात की पुष्टि की है कि मजरा वागपुरा के लिए कोई सरकारी रास्ता उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार प्रशासन को आवेदन दिए हैं, यहां तक कि उन्होंने केंद्रीय

भी अवगत कराने का अनुरोध किया था। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि आज तक इस दिशा में किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे उनमें निराशा है। जब प्रशासनिक अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि "मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है, जांच कराएंगे।"

### बिजली की समस्या से भी जूझ रहे ग्रामीण

रास्ते की समस्या के साथ-साथ, मजरा वागपुरा के ग्रामीण बिजली न होने से भी परेशान हैं। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि गांव के ऊपर से हाई टेंशन लाइन निकली हुई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अंधेरे के कारण उन्हें रात के समय कीड़े-मकौड़ों और सांपों का डर बना रहता है। यह समस्या न केवल ग्रामीणों के दैनिक जीवन को कठिन बना रही है, बल्कि उनकी सुरक्षा पर भी सवाल उठा रही है। बिजली के अभाव में बच्चे रात में पढ़ाई भी नहीं कर पाते और ग्रामीण आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह वंचित हैं।

### ग्रामीणों की अपील

वागपुरा के ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन से आग्रह किया है कि वे इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान करें। उनकी मांग है कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थायी रास्ता उपलब्ध कराया जाए, जिससे बच्चों और बड़ों की जिंदगी सुरक्षित और सुविधाजनक हो सके। साथ ही, मजरा वागपुरा में विद्युत व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीणों को अंधेरे और जंगली जीवों के भय से मुक्ति मिल सके और हाई टेंशन लाइन से होने वाले खतरे को कम किया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन इस समस्या का समाधान नहीं निकालता है, तो उनकी जिंदगी और भी मुश्किल हो जाएगी। वे उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान दिया जाएगा।

# जीवन यज्ञ में स्वाहा से स्वधा की यात्रा ही भवसागर से मुक्ति है



परमात्मा से भवसागर से पार कराने की विनती हम अक्सर भजनों में सुनते रहते हैं। तथा अधिकांश व्यक्ति यह सोचते हैं कि मृत्यु के समय हमें भवसागर को पार कर जाना होगा। परन्तु वास्तविकता यह है कि भवसागर को जीवित जागृत अवस्था में ही पार किया जा सकता है। मनुष्य का शरीर स्वयं में एक संपूर्ण ब्रह्मांड है। हमारे शरीर में अनेक चक्रों, नाड़ियों व कुंडलिनी शक्ति को अत्यंत ही सुंदर व सूक्ष्म तरीके से व्यवस्थित किया गया है। इसमें आत्मा श्री शिव का व कुंडलिनी श्री आदिशक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। ज्ञान के अभाव में हमारी चेतना सांसारिक वस्तुओं व भौतिकता की ओर अधिक आकृष्ट होती है और हम प्रत्येक सांसारिक वस्तु का उपयोग करना चाहते हैं और यही भवसागर में डूबने का कारण है। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी ने वर्णन किया है कि, श्री कृष्ण ने कहा है कि मानव चेतना नीचे की ओर जाती है और मानव चेतना की जड़ें मस्तिष्क में होती हैं। और जब मनुष्य नीचे की ओर जाने लगता है तो वह परमात्मा के विपरीत दिशा में गति करता है। हम.... भवसागर में पैदा होते हैं.. भवसागर का सार स्वाहा है और उद्देश्य स्वधा है। स्वाहा का अर्थ है सेवन, सभी विषों का सेवन, हर चीज का सेवन। और स्वधा एक है। इसका अर्थ है कि स्व आत्मा है और ध का अर्थ है धारण करने वाला। तो आत्मा का धर्म, जब यह आप में आता है, तब आप गुरु बन जाते हैं। तो भवसागर में, यह स्वाहा और स्वधा दोनों हैं। स्वाहा से आपको स्वधा में जाना होगा। यदि आप स्वधा अवस्था में आ जाते हैं तो आपके भीतर महालक्ष्मी जागृत हो जाती हैं और आप ऊपर उठने लगते हैं। इसे 'उर्ध्वगति' कहा जाता हैः उत्थान की ओर जाना। अवरोही पक्ष को 'अधोगति' कहा जाता है।

आदिशक्ति स्वरूपा श्री माताजी गुरुओं की भी गुरु हैं वे उनके द्वारा स्थापित सहजयोग मानव को भवसागर के पार ले जाने का अत्यंत सुगम मार्ग है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के पश्चात् आप अपने गुरुत्व के मार्गदर्शन में माया के बंधनों से मुक्त रहकर स्वधा को प्राप्त करने हेतु अग्रसर होते हैं। इतना ही नहीं वरन् आत्म ज्ञान के प्रकाश में कुंडलिनी शक्ति की ऊर्जा द्वारा प्रेममय व करुणामय तरीके से अनेकानेक साधकों को स्वाहा से स्वधा की ओर ले जा कर भवसागर से मुक्ति का मार्ग दिखा सकते हैं। भवसागर से मुक्ति का अर्थ संसार का त्याग नहीं वरन् संसार का उपभोग करते हुए सृष्टि की संपदा का आनंद लेते हुए उससे अलिप्त रहना है। यही सहजयोग है। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं - 1800 2700 800

# दिग्विजय सिंह के कांवड़ यात्रा पर किये पोस्ट पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का बयान

## मौलाना दिग्विजय सिंह केवल सनातन का विरोध करते हैं, वो कांवड़ यात्रा को भी विवादास्पद करना चाहते हैं... - मंत्री सारंग

**रणजीत टाइम्स**

भोपाल । जाकिर नायक का महिमामंडन करने वाले, आंतकियों को संरक्षण देने की बात करने वाले, सेना के ऑपरेशन पर विवाद खड़ा करने वाले, पाकिस्तान परस्ती की बात करने वाले, तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने वाले दिग्विजय सिंह से कुछ और अपेक्षित नहीं



दिग्विजय सिंह हर समय हिंदू धर्म, हिंदू साधु-संतों और हिंदू त्यौहारों का अपमान करते आये हैं, इसीलिये उन्हें मौलाना दिग्विजय सिंह कहा जाता है भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों की इजाद कर उन्होंने सनातन को बदनाम करने का काम किया हिंदू और सनातन धर्म के किसी भी त्यौहार पर यदि ऐसे टिप्पणी होगी तो यह सहन नहीं किया जायेगा दिग्विजय सिंह इस मामले में माफी मांगे।

## 15 दिवसीय नशे से दूरी है जरूरी

### जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन । कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल खरगोन जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि 15 जुलाई से जिले में ''नशे से दूरी है जरूरी'' 15 दिवसीय जागरूकता अभियान की शुरुआत हो रही है। अतः उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि खरगोन जिले को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें एवं नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति को नशा मुक्ति केंद्र अथवा अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि नशे से होने वाले आर्थिक, शारीरिक, मानसिक नुकसान से लोगों को अवगत कराएं। साथ ही विद्यार्थियों, युवाओं, श्रमिकों, व्यवसायियों, काश्तकारों आदि को गुटखा, तंबाकू, गांजा, पाउडर वाले और केमिकल युक्त नशे और व्यसन से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से बचने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। नशा छोड़ना, नशीली वस्तुओं का सेवन नहीं करना ये सब आपके हाथ में है। हमारा है यही संदेश, नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश।

## क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, में विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (UEE) के अंतर्गत साक्षात्कार प्रक्रिया का हुआ सफल आयोजन

**रणजीत टाइम्स**





खरगोन । शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए संकाय अंग्रेजी , अर्थशास्त्र, रसायन शास्त्र, भूगोल , जीव विज्ञान , समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, सोशल वर्क, इतिहास ,हिंदी, दर्शनशास्त्र, वाणिज्य और संस्कृत विषय में विशेषज्ञ की कमेटी द्वारा साक्षात्कार लिया गया। उक्त साक्षात्कार परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए आयोजित कराई गई थी ।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मोहन लाल कोरी ने बताया की यह साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञ समिति द्वारा छात्रों की शैक्षणिक योग्यता, विषय-समझ, अनुसंधान अभिरुचि तथा अभिव्यक्ति कौशल का मूल्यांकन किया गया। अभ्यर्थी मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य राज्यों से भी सम्मिलित हुए। इस बार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पारंपरिक मेजर-माइनर विषयों से अलग हटकर छात्रों को अन्य विषयों में भी स्नातकोत्तर शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस विकल्प का उद्देश्य छात्रों के लिए बहुविषयी अध्ययन के द्वार खोलना तथा उन्हें रोजगार की अधिक व्यापक संभावनाओं से जोड़ना है। उच्च शिक्षा विभाग का मानना है कि एक ही विषय की सीमाओं से निकलकर छात्र यदि अन्य विषयों में विशेषज्ञता हासिल करें तो यह उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज के लिए भी लाभकारी होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं समन्वयक प्रो. जी. एस. चौहान ने बताया, कि साक्षात्कर्ता द्वारा बताएं गए पात्र अभ्यर्थियों को उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर पात्र बताने के पश्चात् अभ्यर्थी कॉलेज चयन की प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे, इस प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से विश्वविद्यालय न केवल योग्य छात्रों का चयन कर रहा है, बल्कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, समावेशिता और विषय-विविधता को भी बढ़ावा दे रहा है। कु.ऐश्वर्या दिलावरे, डॉ. तुषार जाधव, डॉ सावित्री भगोरे , डॉ छितू सिंह चौहान एवं समस्त अतिथि विद्वान प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

## 4 दिन बाद बीत गए... अब तक सड़क हादसे में मौत के घाट उतारने वाले का पता नहीं लगा पाई विजय नगर पुलिस!

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । इंदौर की विजय नगर पुलिस आए दिन सुर्खियों में रहती है। अब एक बार फिर उसकी निष्क्रियता तब उजागर हुई जब सड़क हादसे में मौत के घाट उतारने वाले का अब तक वह कोई पता नहीं लगा पाई। दरअसल, सोलंकी नगर निवासी अक्षय पिता आसाराम गोलिया 12 जुलाई की रात करीब 11.45 बजे अपनी नौकरी से छूटकर घर जा रहा था, तभी होटल मैरिएट के सामने से तेज रफ्तार से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने अक्षय को जोरदार टक्कर मार दी और वाहन चालक वहां से भाग निकला। अक्षय को घायलावस्था में पास के ही निजी मेडिप्लस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसने अगले दिन 13 जुलाई को दम तोड़ दिया। मृतक के बड़े भाई (बड़े पापा का



लड़का) रुपेश गोलिया ने बताया कि जब आसपास पता किया तो प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक सफेद कलर की ईनोवा जैसी बड़ी गाड़ी थी, जिसने अक्षय को टक्कर मारी। इस हादसे को 4 दिन हो चुके, लेकिन विजय नगर पुलिस अब तक आरोपी का पता नहीं लगा पाई।

हैरत की बात है कि विजय नगर पुलिस ने जब आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया तो होटल मैरिएट से लेकर मेडिप्लस हॉस्पिटल के कुछ कैमरे बंद पाए गए। पुलिस ने जब पूछताछ की तो हॉस्पिटल का कहना है कि हमारे अन्य कैमरे तो चालू हैं, लेकिन जिस तरफ यह हादसा हुआ उस ओर का कैमरा तकनीकी खराबी के चलते बंद है। यही हाल होटल मैरिएट के कैमरे का भी है।

# चीन और पाकिस्तान की दुखती रग दबाई जाय

**रणजीत टाइम्स**

भीमसिंह गुर्जर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अभा गुर्जर देवसेना चीन के लिए तिब्बत और पाकिस्तान के लिए बलूचिस्तान दुखती हुई रग है । हमें उसपर नमक अवश्य लगाना चाहिए ।विवाद वर्षों पुराना है। भारत की आजादी के बाद से ही हमने चीन को अपना दोस्त मान लिया था । भारत को उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थान मिल रहा था लेकिन हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने भारत चीनी भाई-भाई का नारा देकर यह मौका चीन को दिया । आज हम स्थाई सदस्यता के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। चीन को संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के कारण स्थाई सदस्यता मिली। उसके तुरंत बाद ही चीन ने तिब्बत पर 1951 में कब्जा कर लिया और वहां की बौद्धिक संस्कृति को बहुत चोट पहुंचाई और वहां की भौगोलिक स्थिति को भी बदल दिया गया है। दलाई लामा को भाग कर भारत में शरण लेना पड़ा*। हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इस पर भी कुछ नहीं कहा और चीन को तिब्बत हड़पने की मौन स्वीकृति प्रदान करदी। फिर भी चीन ने 1962 में भारत पर धोखे से आक्रमण कर दिया । भारत के आजादी के समय नेपाल नरेश ने नेपाल को भारत में विलय करने का प्रस्ताव भारत के प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू के सामने रखा था।नेहरू जी ने उसे भी अस्वीकार कर दिया ।

बलूचिस्तान भारत में मिलना चाहता था । वह प्रस्ताव भी खारिज कर दिया। ऐसे बहुत से निर्णय तत्कालीन सरकारों ने लिये । जिससे देश को बहुत नुकसान हुआ । चीन ने एक पूरे राष्ट्र को जिसे तिब्बत कहते हैं । जो हमारे कश्मीर से लगाकर अरुणाचल प्रदेश तक फैला हुआ है । आज अगर तिब्बत देश होता तो भारत और चीन के बीच में कोई विवाद नहीं होता। कहा जाए तो चीन के साथ में भारत की कही से भी कोई सीमा नहीं मिलती है। लेकिन तिब्बत को अपने अधिकार में लेने के बाद उत्तर से उत्तर पूर्व तक पूरी सीमा आज चीन से मिलती है। अरुणाचल के वर्तमान मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू जी ने एक साक्षात्कार में यह स्पष्ट कहा कि भारत के किसी भी प्रान्त की सीमा चीन से नहीं लगती । क्योंकि चीन और भारत के बीच में तिब्बत देश है। तिब्बत एक देश है। यह बात हमें हर बार और हर जगह निरंतर उठाना चाहिए। चीन भारत के हर विकास के कार्यक्रमों में या पाकिस्तान और कश्मीर के संदर्भ में या अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और भूटान में देश विरोधी हरकतें करता रहता है । नेपाल के सहारे भी हस्तक्षेप करता रहता है और हम उसके द्वारा एक देश को हड़प लिया गया उसका मुद्दा भी उठा नहीं पाते। आज भारत में सशक्त और मजबूत सरकार है । प्रधानमंत्री मोदी जी पर सभी को विश्वास है। पूरी दुनिया में उनका नाम है। हमको हर ऐसे स्थान पर जहां से पूरी दुनिया को आवाज सुनाई दे । वैसे हर फोरम पर हमें यह मुद्दा निरंतर उठाना चाहिए कि चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया है वह उसे आजाद करें और इसी प्रकार पाकिस्तान ने बलूचिस्तान पर कब्जा किया है वह भी उसे स्वतंत्र करें।

बौद्ध धर्म के अनुसार तिब्बत में दलाई लामा को धार्मिक आधार पर चुना जाता है । दलाई लामा तिब्बत की निर्वासित सरकार का प्रतिनिधित्व नहीं करता है । दलाई लामा कोई व्यक्ति नहीं वरन् एक पद होता है । जैसे हमारे हिंदू धर्म में जगतगुरु शंकराचार्य की पदवी होती है । ईसाइयों में पोप जान पाल की पद भी होती है। इसी प्रकार बोधों में भी दलाई लामा तिब्बत के द्वारा निर्धारित किया जाता है। अब चीन चाहता है ,कि दलाई लामा चीन के द्वारा ही बनाया जाए। जिससे वह पूरी दुनिया में चीन का यह कहकर प्रचार किया जा सके , कि तिब्बत अब बहुत विकसित और विकास की ओर बढ़ रहा है। इसमें चीन लगातार परिश्रम कर रहा है। चीन चाहता है कि हमने जो तिब्बत पर कब्जा किया उसको सत्यापित करने के लिए दलाई लामा हमारा होना आवश्यक है।

भारत सरकार की ओर से दलाई लामा तिब्बत की जनता और दलाई लामा जी के द्वारा ही बनाया जाए यह कहा गया है। इसी प्रकार अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने भी यह कहा है कि चीन से भारत की कोई सीमा नहीं मिलती है। बीच में तिब्बत देश बसा हुआ है। अब हम यह बात को कहने लगे हैं । यह बहुत अच्छा संदेश है। हमको हमारे दुश्मनों की दुखती हुई रग पर हाथ रख देना चाहिए। हमें जैसे को तैसा जवाब देना अब बहुत आवश्यक है। चीन को उसकी औकात बताने के लिए हमें तिब्बत का मुद्दा निरंतर हर जगह और संयुक्त राष्ट्र संघ में भी उठाना चाहिए। इसी प्रकार पाकिस्तान के लिए भी बलूचिस्तान एक दुखती हुई नब्ज है। हमें बलूचिस्तान के लिए भी खुलकर आवाज उठाना चाहिए। जो गलतियां हमने पहले कर चुके हैं । अब उसे सुधारने की आवश्यकता है। आने वाली पीढ़ी के लिए यह सुधार बहुत काम आएगे। एक सरकार ने गलती की है और दूसरी सरकार ने उन गलतियों को ठीक करके देश को सशक्त और मजबूत किया । यह आने वाली पीढ़ी को इतिहास के द्वारा मालूम होगा। हमने इतिहास में गलत किया या हमारे निर्णय गलत हो चुके हैं । उन्हें ठीक करने का यह एक सुनहरा मौका है। आने वाली पीढ़ी को हम बहुत कुछ दे सकते हैं। बहुत सी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ी को इन समस्याओं से जूझना नहीं पड़े। इसके लिए हमें इस प्रकार के कड़े निर्णय अवश्य लेना होगा ।

इस सरकार से हम आशा करते हैं और यह सरकार ऐसे कड़े निर्णय लेने में सक्षम भी है। मेरी इस बात पर जो मैं कह रहा हूं चीन और पाकिस्तान के संदर्भ में उस पर भी सरकार निर्णय लेगी। ऐसी आशा हम इस सरकार से और प्रधानमंत्री महोदय से रखते हैं। तिब्बत और बलूचिस्तान की आजादी भारत के लिए एक स्वर्णिम काल होगा । तब भारत अनंत वर्षों तक एक सशक्त और मजबूत राष्ट्र बना रहेगा।

### आदर्शमय वर्षायोग 2025

## समर्थसिटी में जिनवाणी पुत्री आर्यिका सिध्द श्री माताजी ससंघ की चातुर्मास मंगल कलश स्थापना हुई

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । इन्दौर के पश्चिम क्षेत्र में इस बार जगह जगह जैन साधु संतों का चातुर्मास हो रहा है इसी क्रम में पहली बार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समर्थ सिटी एवं सम्बंधित कालोनियों को आर्यिका त्रय सिध्दश्री माताजी, संघ श्री माताजी एवं सभाश्री माताजी का सानिध्य प्राप्त हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी एवं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्री शेलेष चंदेरिया ने बताया कि रविवार 13 जुलाई को इस आदर्शमय वर्षायोग मंगल कलश स्थापना का भव्य कार्यक्रम सआनंद सम्पन्न हुआ चातुर्मास की मांगलिक बेला का भव्य शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ जिसका सौभाग्य श्री संतोष जी जैन, श्रीआशीष रक्षा जैन, श्री सौरभ आरजू जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मंगल दीप प्रज्वलन का लाभ श्रावक श्रेष्ठि नाभिनंदन कुसुम जी मनीष जैन, मन्नूलाल चंदन जी जैन, मनीष रिंकी जी जैन, ऋषभ मोना जी जैन एवं अनिल संध्या जी जैन परिवार को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर आचार्य श्री विभव सागर जी महराज के द्वारा होने वाली 5 दीक्षा में से 3 दिक्षार्थी की गोदभराई सकल समाजजन द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ की गई। कार्यक्रम में पधारे समस्त समाजजन, अतिथिगण का आत्मीय अभिनंदन अध्यक्ष शैलेष जी चंदेरिया एवं वरिष्ठ समाजजन द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन विधानाचार्य अंकित भैया "सहज" दमोह एवं भजन गायिका श्रीमति संध्या जैन ने किया । अंत में चातुर्मास सेवा समिति के द्वारा माननीय अतिथियों समाज जन का आभार व्यक्त किया है ।आहर दान का लाभ मिला आभा दीदी एवं राजूल अंशु जैन परिवार को मिला। आर्यिका द्वय के मंगल प्रवचन हुए साथ ही दिक्षार्थी क्षुल्लिका माताजी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



# काम करने वालों को मिलेगा मौका ,सभी वर्गों का होगा समावेश

### जल्द हो सकती है बड़ावदा मंडल की कार्यकारिणी घोषित, महामंत्री पर विशेष निगाह

**रणजीत टाइम्स**

**बड़ावदा। शिरीष सकलेचा भारतीय जनता पार्टी बड़ावदा मंडल अध्यक्ष पद पर लोकेश शर्मा की नियुक्ति हुए डेढ़ हो चुका हैं, लेकिन अभी तक मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा नहीं होने से कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले कार्यकर्ताओं में पद को लेकर उत्सुकता हैं। मंडल कार्यकारिणी में वैसे तो कई पदों का बटवारा होगा लेकिन महामंत्री पद को लेकर हर किसी की निगाह टिकी हुई हैं। मंडल अध्यक्ष काफी सोच समझकर अपनी टीम बनाएंगे। बता दे बड़ावदा मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी काफी लंबे समय बाद की गई थीं। जिसके चलते अब कार्यकारिणी का गठन भी जल्द होना चाहिए।**

**मंडल में दो महामंत्री होंगे....**

संघटन की तय गाइड लाइन के मुताबिक भाजपा बड़ावदा मंडल में दो महामंत्री होंगे। यहां महामंत्री का पद एक नगर से एवं एक ग्रामीण क्षेत्र से दिया जाता है लेकिन तत्कालीन कार्यकारिणी में दोनो महामंत्री ग्रामीण क्षेत्र से ही थे। लेकिन इस बार हो सकता है एक महामंत्री नगर से एवं एक ग्रामीण से हो। महामंत्री पद के लिए चार पांच नाम प्रमुख हैं। जो अपने स्तर पर यह पद हासिल करने में लगे हैं।

**गुटबाजी में संतुलन बैठाना आसान नहीं...**

मंडल में व्याप्त गुटबाजी के चलते मंडल अध्यक्ष के लिए कार्यकारिणी बनाना चुनौती से कम नहीं हैं।कार्यकारिणी में सभी वर्गों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाना जरूरी हैं। कार्यकारिणी बनाना अध्यक्ष का अधिकार है लेकिन विधायक की भी पसंद कार्यकारिणी में भूमिका अदा कर सकती हैं। जिससे अध्यक्ष को अपने पसंदीदा नामों पर मुहूर लगवाने पर सहमत करना होगा। अध्यक्ष चाहेंगे कि उनकी पसंद के कार्यकर्ता टीम में रहेंगे तो काम करने में आसानी होगी।

**जल्द कर देंगे घोषणा..**

मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने बताया कि मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा वरिष्ठजनों से चर्चा उपरांत चार पांच दिनों में कर दी जाएगी। कार्यकारिणी में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाएगा। जो काम कर रहा है उसको अवसर मिलेगा।



रणजीत टाइम्स
इंदौर, गुरुवार 17 जुलाई 2025
05

# खरगोन व जैतापुर शिवडोला यात्रा की तैयारी को लेकर पुलिस व शिवडोला समिति की अहम बैठक आयोजित

## जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुई शिवडोला समिति की अहम बैठक

रणजीत टाइम्स



खरगोन प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी थाना कोतवाली खरगोन क्षेत्रान्तर्गत 11अगस्त 025 एवं थाना जैतापुर क्षेत्रान्तर्गत 27 जुलाई 025 को निकलने वाले शिव डोला चल समारोह को लेकर पुलिस कन्ट्रोल रुम खरगोन में मीटिंग आयोजन किया गया। आयोजित मिटीग में जिला कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना, अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल, एसडीएम खरगोन बीएस कलेश, एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे, नगर पालिका सी.एम.ओ. श्रीमती कमला कौल, थाना प्रभारी कोतवाली खरगोन बी.एल.मंडलोई, थाना प्रभारी यातायात खरगोन रमेश सोलंकी, थाना प्रभारी जैतापुर सुदर्शन कलोसिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस स्टाफ के साथ शिव डोला कमेटी के अध्यक्ष नवनीत भण्डारी, कोषाध्यक्ष राधाकृष्ण महाजन, सचिव विनित महाजन, सचिव रविधारे व अन्य शिवडालो कमेटी के गणमान्य सदस्य व नागरिक मौजूद रहे। आयोजित मीटिंग में शिवडोले संबंधी कई विषयों पर चर्चा की गयी जिसमे समारोह के दौरान लगने वाले सभी स्टालों की जानकारी जिसमे स्टाल संचालकों के नाम, पता और मोबाइल नंबर की सूचि समय पर उपलब्ध कराई जाएगी सम्बंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराई जाएगी । समारोह में किसी भी प्रकार के भड़काऊ या आपत्तिजनक गाने के बजाने पर सख्त रोक रहेगी बजने वाले धार्मिक संगीत/गानों की सूचि व रिकॉर्डिंग थाने पर उपलब्ध कराई जाएगी । डी.जे. साउंड के उपयोग में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य रहेगा,बड़े डीजे प्रतिबंधित रहेंगे । झांकियों, नृत्य दलों, अखाड़ा दलों, एवं अन्य सांस्कृतिक समूहों के आयोजक अपने दल के सदस्यों की जानकारी शिवडोला समिति, एसडीएम व थाना प्रभारी को उपलब्ध कराएंगे । बड़े ट्राले पर झाकियां नहीं बनेगी, झांकियां 16 फिट तक की ऊंचाई तक ही बनेग। समिति के सदस्यों के द्वारा चल समारोह को समयानुसार मार्ग में आगे बढ़ाया जाए । चल समारोह सुबह 9 बजे सिद्धनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे तक बावड़ी बस स्टैंड पहुँचेगा, जहाँ से मुख्य यात्रा 1 बजे तक शुरू हो जाएगी । झाकियां/नृत्य दल इसमें पहले ही आगे बढ़ना शुरू कर देंगे । समारोह के अंतर्गत झांकियाँ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रहेंगी और स्टॉल मुख्य मार्ग से हटकर लगाए जाएंगे, जिससे की यातायात प्रभावित नहीं हो । एम्बुलेंस, दमकल, पुलिस-प्रशासन के वाहनों को निकलने के लिए मार्ग दिया जायेगा । स्टाल के पास लगे डस्टबिन में ही सामग्री/कचरा फेंका जाये मुख्य मार्ग पर नहीं । स्टाल लगाने वाले व्यक्ति बिजली विभाग से अस्थाई कनेक्शन प्राप्त करे व बिजली के करंट से सुरक्षा की व्यवस्था करे । स्टाल के मंच की सुरक्षा व बांस की बेरिकेडिंग की जिम्मेदारी स्टाल लगाने वाले व्यक्ति की होगी । शराब पीकर आने वाले, नशा करने वाले व्यक्तियो पर सख्त कार्यवाही की जाएगी । कोई भी व्यक्ति कड़ा, कटर, हथियार आदि लेकर घूमता हुआ पाया तो सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी । प्रत्येक झांकी नृत्यदल के वाहन में वोलेंटियर शिवडोला समिति उपलब्ध कराएगी और पुलिस सुरक्षा कर्मचारी भी उसमे बैठेंगे।

उपरोक्त सभी विषयों पर पुलिस-प्रशासन एवं समिति के सदस्यों के बीच सर्वसम्मति बनी । बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इन निर्देशों एवं सुझावों का पूर्ण समर्थन करते हुए इस पहल की सराहना की । साथ ही यह निर्णय लिया गया कि, शिवडोला चल समारोह को शांति, समरसता एवं परंपरागत गरिमा के अनुरूप संपन्न कराया जाएगा । समिति ने आश्वस्त किया कि वे पुलिस-प्रशासन द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे, वहीं प्रशासन ने भी सहयोग का भरोसा दिलाया । साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा । बैठक का समापन सद्भावना, सहयोग एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश के साथ हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर चल समारोह को सफल बनाने का संकल्प लिया गया ।

# सुसंस्कारों की सुगंध से अपना तथा दूसरों का जीवन भी महकता है - गणाचार्य मुनि श्री विवर्धन सागरजी

## दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन चल रहे हैं धार्मिक प्रवचन

रणजीत टाइम्स

नलखेड़ा । सुसंस्कार वहां सुगंध है, जिससे अपना तथा दूसरों का जीवन महकता है। सुसंस्कारों के निर्माता हमारे माता-पिता, गुरु-जन होते हैं। आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में बही जा रही है जिससे उनके नैतिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है। धन पैसा तो समाप्त हो जाएगा लेकिन संस्कार जीवन के अंतिम क्षणों तक यहां तक की आपके जाने के बाद भी अमिट रूप से महकते रहेंगे। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणाचार्य मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही। मुनिश्री ने कहाकि जो माता -पिता, गुरू-जन अपने बच्चों को सुसंस्कार नहीं देते हैं वे उनके तथा समाज के शत्रु बन जाते हैं। आज युवा पीढ़ी के सम्यक् विकास के लिए नैतिक धर्म संस्कारों की आवश्यकता है। आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में भटक रही है, जिससे उनके नैतिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है।



### -दुनिया में वहां खुशनसीब है जिन्हें गुरु का सानिध्य मिलता है-

मुनिश्री ने कहाकि आधुनिकता की आड़ में संस्कारों का ह्रास होता जा रहा है। दुनिया में वहां खुशनसीब है जिन्हें माता-पिता गुरु, संत जनों से सत्कर्तव्य बोध के धार्मिक सूत्र मिलते हैं। जिनको प्राप्त कर वे आजीविका प्राप्ति में ही नहीं, बल्कि देश-राष्ट्र, समाज के कल्याण के साथ-साथ आत्म कल्याण के क्षेत्र में अग्रसर होते हैं। मुनिश्री ने कहाकि धार्मिक, नैतिक संस्कार ही आपके संपूर्ण जीवन की पूंजी बन जाएंगे,लौकिक पूंजी ( धन -पैसा ) तो फिर भी समाप्त हो जायेगी पर ये संस्कार जीवन के अंतिम क्षणों तक और आपके जाने के बाद भी स्मृति बन अमिट रूप से महकतें रहेंगे। मुनिश्री ने कहा कि हमारे मन में परमात्मा,जिनवाणी व गुरुओं के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण होना चाहिए। तभी हमारा यह मानव भव प्राप्त करना सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि साधकों को भाग्यवादी नहीं, पुरुषार्थवादी होना चाहिए। पुरुषार्थ से भाग्य का निर्माण होता है। जो व्यक्ति भाग्य के भरोसे बैठे रहते हैं, वह मूर्ख कहलाते हैं, कायर कहलाते हैं। हम वीर साधक हैं, अपने भाग्य का स्वयं निर्माण करें। हाथ की लकीरें तो बनती - मिटती है। अतः लकीरों पर नहीं, कर्म सिद्धांत पर श्रद्धा करो। उन्होंने कहा कि आप जैसा-जैसा कर्म करोगे, वैसा - वैसा फल पाओगे। पुण्य करोगे तो पुण्य रूप सुख, शांति, उपलब्धियों, सफलताओं से भर जाओगे। पाप करोगे तो पाप रूप दुख, अशांति, पतन, पतितता से भरोगे। जो पुरुषार्थ करता जीवन में वही आगे बढ़ता है। साधक तो स्वावलंबी, स्वतंत्र होते हैं। इसीलिए वे पुरुषार्थवादी कहे जाते हैं। वे ही धर्म पुरुषार्थ से मोक्ष पुरुषार्थ को सिद्ध करते हैं।

### -बड़ी संख्या में समाजजन ले रहे भाग-

मुनिश्री के दिगंबर जैन मंदिर चौक बाजार पर प्रतिदिन प्रातः 8:45 से 9:45 तक धार्मिक प्रवचन चल रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वहीं रात्रि में आनंद यात्रा का कार्यक्रम भी हो रहा है।

# गुरु का आशीर्वाद लेकर अमरनाथ रवाना हुए श्रद्धालु

रणजीत टाइम्स




नरसिंहगढ़ । स्थानीय श्रद्धालुओं का एक बुधवार जत्था को अमरनाथ मां वैष्णो देवी शिव खोरी ज्वाला देवी कांगड़ा और मनसा देवी यात्रा के लिए रवाना हुआ। जाने के पहले सभी ने मिलकर जमात मंदिर में सर्वप्रथम ठाकुर जी के दर्शन किए मंदिर श्री जमात के महंत दीपेंद्र दास का आशीर्वाद लिया यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं में कालूराम अनोटिया राजकुमार जोया लोकेश साहू पत्रकार मनोज साहू तरुण साहू बप्पा साहू सुनील वर्मा मुकेश वर्मा आदि शामिल है मंदिर श्री जमात के महंत दीपेंद्र दास जितेंद्र गुप्ता राकेश गुप्ता बालमुकुंद साहू टेलर राकेश गुप्ता कल्लू भैया संध्या बस तुलसीराम जी नाना दिलीप मेवाडे पूरन कुशवाह चुन्नीलाल कुशवाहा पंकज नगर नीलेश सोनी अरुण कुशवाहा माधव पंछी कान्हा नामदेव सुदामा कुशवाहा गुलाब सिंह सोलंकी पुष्पमाला पहनाकर ओर मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए यात्रा की मंगल में शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर उषा बाई कुसुम साहू सारिका कुशवाह रानू साहू सुषमा आदि मातृशक्ति ने भी आशीर्वाद दिया।

# महिला उद्यमियों को मंच देने वाला 'आरोही एग्ज़ीबिशन' संपन्न

रणजीत टाइम्स

चोवासिया विजयनगर स्थित सजन प्रभा गार्डन में आयोजित 'आरोही एग्जीबिशन' महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की एक सराहनीय पहल के रूप में सामने आया इस प्रदर्शनी का उद्देश्य केवल उत्सव या शॉपिंग तक सीमित न होकर, स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर देना रहा। इसमें विभिन्न स्टॉल्स के माध्यम से परंपरागत परिधानों, हस्तशिल्प वस्तुओं, घरेलू उत्पादों और रक्षाबंधन से जुड़ी वस्तुओं को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पार्षद श्री राजीव जैन एवं मीडिया क्षेत्र से जुड़ी श्रीमती रुचि चौविश्या जैन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने महिला सहभागिता



की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

प्रदर्शनी में सजीव काउंटर, स्वादिष्ट व्यंजन, पारंपरिक वेस्टर्न परिधान, राखियाँ, उपहार आदि ने दर्शकों का ध्यान खींचा। उल्लेखनीय बात यह रही कि सभी उत्पाद रचनात्मकता और गुणवत्ता के साथ सुलभ दरों पर उपलब्ध रहे। इस सार्थक आयोजन के पीछे सरिता अजमेरा, आर्टिस्ट रोहित अजमेरा एवं विशाखा टोंगिया का विशेष योगदान रहा, जिनके समर्पण और प्रयासों से 'आरोही एग्जीबिशन' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 'आरोही एग्जीबिशन' महिलाओं की प्रतिभा, परिश्रम और उद्यमशीलता को एक मंच देने का सशक्त प्रयास रहा, जिसे दर्शकों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ।

# खुले में खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों पर सतत निगरानी रखें: संभागायुक्त श्री दीपक सिंह

## छात्रावास व आश्रमों में फूड पायजनिंग रोकने के लिए बनेंगे संयुक्त दल

### खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर संभागीय बैठक आयोजित

रणजीत टाइम्स



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में आज समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस. रणदा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शॉजी जोसेफ, उप संचालक श्रीमती डॉ. सोनिया शिल्पा लाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, कीट विज्ञानी श्री सी.एस. शर्मा, संभागीय समन्वयक श्रीमती मोनिका मण्डलोई सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो खाद्य प्रतिष्ठान विशेषकर खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने वाले खुले में खाद्य पदार्थों की ब्रिकी करें, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाये और उनकी शत-प्रतिशत वसूली भी की जाये। साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान फल, फ्रूट, ढ़ाबों, रेस्ट्रोरेंट, ठैलों इत्यादि का सतत निरीक्षण कर लीगल/सर्विलांस नमूनों का संग्रहण किया जाये। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि आने वाले महीनों में कई पर्व, उत्सव और त्यौहार है, ऐसे अवसरों पर बड़ी संख्या में दूध, बेसन, मावा, तेल आदि से बने खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय होता है। इस त्यौहारी सीजन में नकली मावा और मिलावटी खाद्य पदार्थों के कई प्रकरण देखने को मिलते है। अतः खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाजारों में जाकर खाद्य पदार्थों के नमूने ले और चलित खाद्य प्रयोगशाला में जांच करायें। यदि वे अमानक या मिलावटी पाये जाते है, तो ऐसे निर्माता प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाये। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि फूड पायजनिंग के मामले छात्रावासों और आश्रमों में न आएं। इसके लिए जरूरी है कि जनजाति कार्य विभाग से सूची बनाकर विशेष रूप से इनकी निगरानी करें। इस कार्य को सभी अधिकारी गंभीरता से लें और मिशन मोड़ में कार्य करें और आवश्यकता होने पर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

बैठक में इंदौर जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी ने बताया कि इंदौर जिला खाद्य सुरक्षा और शुद्धता के क्षेत्र में भी देश में एक उदाहरण बन गया है। ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता-4 में इंदौर को गत वर्ष पहला स्थान मिला था। इस बार भी इंदौर का दावा मजबूत है। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा और शुद्धता में जब सभी पैरामीटर में इंदौर अव्वल नम्बर पर है तो उसे इस वर्ष भी प्रथम स्थान मिले, इसके लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन को सतत प्रयास जारी रखना चाहिये। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में जो खाद्य निर्माता प्रतिष्ठान या विक्रय करने वाले प्रतिष्ठान मिलावटी खाद्य पदार्थों का विक्रय कर रहा है, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के तहत उनके प्रतिष्ठानों के लायसेंस रद्द किये गये, साथ ही अर्थदंड भी वसूला गया। इसके अलावा बड़ी मात्रा में मिलावटी खाद्य पदार्थ भी जब्त किया गया। बताया गया कि ईट राइट की गतिविधि के अंतर्गत इंदौर जिले में 09 कैंपस, दो क्लीन स्ट्रीट फूड हब, दो ईट राईट स्टेशन, 5 ईट राईट स्कूल एवं दो मंदिरों का भोग सर्टिफिकेशन करवाया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में संचालित मेस पर लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न स्ट्रीट फूड वेंडर को फास्ट्रेक प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक करने के साथ-साथ संबंधित प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है।

आलीराजपुर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में मिठाई, कोल्ड्रिंक्स एवं घी के सैंपल लेकर मिलावट की आशंका में परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए। खरगोन खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य फूड/जंक फूड पर विशेष अभियान चलाया गया। खंडवा खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि एक किराना दुकान का निरीक्षण कर पेप्सी के नमूने लिये गए।

# "पुराना बस स्टेण्ड राजगढ पर सट्टा चलाने वाले पुलिस की गिरफ्त में"

रणजीत टाइम्स



राजगढ़। पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को जिले में सट्टा चलाने वालों पर कार्यवाही करने के संबध में निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह जिला धार, अति. पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन में राजगढ थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही को अंजाम देने हेतु एक टीम घटित कराई गई। उक्त टीम को मुखबिर सूचना मिली की पुराना बस स्टेण्ड राजगढ पर कुछ लोगो द्वारा सट्टा पर्ची लिखकर लोगो से सट्टा ले रहे हैं। मुखबिर सूचना पर विश्वास कर राजगढ पुलिस व सायबर सेल धार की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर जाकर देखा तो चार लोग सट्टा अंक पर्ची लिख रहे थे जिन्हे पुलिस द्वारा दबिश देकर पकडा तो उसमें से दो व्यक्ति भाग गये। पकडे दो व्यक्तियों से नाम पता पुछने पर उन्होने 1- केसुलाल पिता पुनमचंद परमार जाति चमार उम्र 45 साल निवासी पुराना बस स्टेण्ड राजगढ 2- धारासिंह पिता शंकरलाल सिंगार जाति भील उम्र 35 साल निवासी शंकरपुरा भानगढ रोड राजगढ का होना बताया। पकडे गये आरोपियों से कुल नगदी 24500रू व एक मोबाईल फोन जप्त किये गये। आरोपियों का जुर्म जमानती होने से आरोपियों से मुचलके भरवाकर थाने से रूकसत किया गया। पकडे गये आरोपियों से फरार आरोपियों के बारे में पुछताछ करते उनके द्वारा 1- निलेश पिता कैलाश सिंगार जाति भील निवासी शंकरपुरा भानगढ रोड राजगढ 2- मनीष पाण्डे निवासी राजेन्द्र कॉलोनी राजगढ के होना बताया। फरार आरोपियों की तलाश जारी हैं।

सट्टा चलाने वाले आरोपियों को पकडने में निरीक्षक दीपक सिंह चौहान व उनकी टीम सउनि राजेन्द्रसिंह ठाकुर, प्रआर विपिन कटारा, सायबर प्रआर बलराम, सायबर प्रआर सर्वेश, सायबर प्रआर विजयसिंह, सायबर प्रआर मुकेश, आरक्षक दिलीप, आरक्षक अंकित की सराहनीय भुमिका रही है। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मनोज कुमार सिंह ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

# नमस्ते दिवस का आयोजन

रणजीत टाइम्स

राणापुर I मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार नगर परिषद राणापुर द्वारा नमस्ते दिवस का आयोजन नगर परिषद परिसर में किया गया जिसमें निकाय के सेप्टिक टैंक सफाई मित्रों तथा स्वच्छता बनाए रखने में लगे ।सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। इस आयोजन मैं उपस्थित समस्त सफाई मित्रों तथा कार्यालय कर्मचारीयो को मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं नागरिकों से घर के सेप्टी टैंक को प्रत्येक 3 वर्षों में अनिवार्य रूप से खाली कराए जाने की अपील की गई। इस अवसर उप यंत्री अर्पित हटीला, लेखपाल चंद्रकांता सोनी ,स्टोर कीपर अनिल जैन , जानूसिंह वसुनिया, सफाई दरोगा चमन लाल चौहान ,गोविंद गहलोत, सामुदायिक संगठक शारदा चौहान ,सुशीला पवार ,पराक्रम राणावत ,बाबू सिंह गरवाल, महबूब खान , इरशाद अली तथा कार्यालय व सफाई विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।



# खरगोन में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने हेतु 'अनुगामी' पहल का शुभारंभ खरगोन





रणजीत टाइम्स

**स्वास्थ्य विभाग, खरगोन और अंतरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आज दिनांक 12 जुलाई 2025 को "अनुगामी " पहल का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य ज़िले में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करना है।**

यह अभिनव प्रयास एक रियल टाइम कोऑर्डिनेशन ट्रैकर के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्था में समयबद्ध और प्रभावी समन्वय को सुनिश्चित करेगा, जिससे उपचार में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा—जो मातृ और नवजात मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। इसी क्रम में अंतरा फाउंडेशन द्वारा 'आराध्य जीवन ' के अंतर्गत ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (ToT) का आयोजन भी किया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थाओं के स्तर पर नर्सिंग अधिकारियों की क्षमता वृद्धि, उचित केस मैनेजमेंट तथा संस्थान स्तर पर रेफरल दर को कम करना है। यह प्रशिक्षण आने वाले समय में संस्थागत प्रबंधन को सशक्त बनाकर मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



इस शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. एस. सिसौदिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. इंदिरा, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, SNCU प्रभारी डॉ. पवन पाटीदार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतिक, जिला समन्वयक सोनल गुर्जर, RBSK समन्वयक श्री विनोद पवार,अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी श्री अरविंद वर्मा और श्री प्रमोद जोशी, जिला मातृ स्वास्थ्य समन्वयक, नर्स मेंटर्स, सभी विकासखंड बीपीएम, बीसीएम, बीईई, लेबर रूम प्रभारी, सुमन डेस्क पर्यवेक्षक तथा एम्बुलेंस कोऑर्डिनेटर सहित अनेक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियाँ स्पष्ट की गईं, जिससे विभागों के बीच बेहतर तालमेल बन सके और लक्षित उद्देश्यों की पूर्ति में सहयोग मिल सके। स्वास्थ्य विभाग एवं अंतरा फाउंडेशन द्वारा लिया गया यह संयुक्त कदम न केवल प्रणालीगत सुधार की दिशा में है, बल्कि यह मातृ और नवजात जीवन की रक्षा के लिए एक निर्णायक प्रयास भी है। आने वाले समय में अनुगामी और अर्धया जैसी पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जाएगा और खरगोन को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मॉडल जिला बनाने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा।

# मामला ड्रग्स का,

## छोटे विक्रेता फस रहे,बड़ी मछलियां फरार



राणापुर I सुरेश समीर विशेषकर युवाओं को टारगेट कर नशे के विक्रेता इन्हें अपने जाल में फंसा रहे हे।पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश रावत ओर पूरी टिम इन निगरानी बनाए हुए हे।शहर में नशा बेचने वाले पुलिस की नजर में हे। दिक्कत यह हे कि पुलिस कार्यवाही में इन सप्लायरों की धर पकड़ तो होती हे किन्तु के कम मात्रा में मिलने पर बड़ी कार्यवाही नहीं हो पाती। इधर उधर चौराहों ओर संभ्रांत गलियों में बेचने वाले छोटी मछलियां पकड़ में आ जाती हे किन्तु मगर मच्छ फरार हो जाते हे।

पूर्व में भी छोटे विक्रेता पकड़े गए,सजा भी हुई किंतु धाराओं की शिथिलता के कारण रिहा हो जाते हे। गुजरात,राजस्थान,महाराष्ट्र के रास्ते बड़े सप्लायर पुलिस की आंखों में धूल झोंक जाते हे। पुरुष के साथ घर की महिलाएं भी इस कार्य में सम्मिलित हे।

### धर्म की सीढ़ी पर चढ़ते राजनेता,।

सुना ओर देखा गया कि राजनेता धर्म की सीढ़ी पर चढ़कर मंजिल को पाने में सफलता प्राप्त कर लेते हे। बात चुनाव की हो या सामान्य अवसर की भाजपा ओर कांग्रेस दोनों साल भर कथा, भोजन भंडारे,ओर यात्रा निकलने आदि कार्यक्रम के सहारे अपना उल्लू सीधा करने में नहीं चूकते । सावन माह में भोले बाबा को रिझाने सियासत का पारा चढ़ता प्रतीत होता हे।कावड़ यात्राओ का आयोजन ओर फरियाली स्वल्पाहार वितरण कर अपनी अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी कर लेते हे।ऐसा ही एक अवसर गणेश चतुर्थी के अवसर पर आता हे। दोनों पार्टियां सैकड़ों गणेश प्रतिमा ओर पूजा सामग्री वितरित करती हे और अंतिम दिन करीब 200 से ज्यादा की संख्या में बैलगाड़ी,ट्रैक्टर,या छोटे वाहनों में पार्टियों के समर्थक अपनी पार्टी का झंडा लगाकर नगर के मुख्य मार्गो पर ढोल ओर डी जे पर थिरकते निकलते हे। शहर की गलियां गुलाल से पट जाती हे।समापन में दोनों पक्ष 5 किलो परसादी का पैकेट देकर विदा करते हे। आदिवासी के लिए भगोरिए के बाद यह दूसरा पर्व होता हे जिसमें हजारों नर नारी ओर युवा भाग लेते हे।

### प्रतिबंध के बाद भी झलकती हे शराब की प्यालियां

सार्वजनिक स्थानों पर,स्कूल के आस पास शराब पीने पर प्रतिबंध हे मगर इस प्रतिबंध की धज्जियां उड़ाई जा रही हे।नगर के दशहरा मैदान,पुराने अस्पताल,तालाब किनारे,ओर मंदिरों के पीछे बैठकर शराब,गांजा ओर ड्रग्स का सेवन किया जाता हे।

### नगर परिषद की नींद समाप्त

आवारा तो नहीं कह सकते क्योंकि नगर की गलियों में आठ घंटे घूमने वाले ये पशु रसूखदारों के ही होते हे।इन्हें मालिकों द्वारा संभाल कर घर में ही रखने की मुनादी करीब पांच माह से की जा रही थी। कचरा वाहन में दिन भर की जा रही इस मुनादी से लोगों के कान पके हो या न लेकिन नगर परिषद के कान जरूर पक गए,इसी के चलते आज कर्मचारियों द्वारा ये पशु पकड़ने की मुहिम चालू की गई। दोपहर 3 बजे तक 25 पशु पकड़े गए थे जिसमें से आधे मालिक छुड़ा ले गए आधे को मोहनखेड़ा गोशाला में भेजने की खबर हे।प्रभारी द्वारा बताया गया कि यह मुहिम पूरे सप्ताह चलेगी।

# सिका स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । सिका सीनियर सेकंडरी स्कूल नं. 02 में आज विद्यार्थियों के मध्य "नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ एवं सशक्त भविष्य की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय नगर, इंदौर सहायक थाना प्रभारी श्री अजय सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे की विभिन्न प्रकार की लतों (जैसे तंबाकू, शराब, ड्रग्स आदि) से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक विनाश की ओर बढ़ता कदम है। इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सुजा एस. मैथ्यू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि – "नशा केवल शरीर को ही नहीं, पूरे परिवार, समाज और देश को प्रभावित करता है। विद्यार्थी जीवन में नशे से दूर रहकर ही उन्नति की ओर बढ़ सकता है।" इस अवसर पर उप प्राचार्य श्रीमती प्राची गर्ग और समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का शानदार संचालन एवं आभार प्रदर्शन शिक्षिका रेवती सोनी द्वारा किया गया । विद्यालय परिवार द्वारा यह संकल्प लिया गया कि वह भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास हो और वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# रेलवे परिसर में गूंजा नशा मुक्ति का अभियान "नशे से दूरी है जरूरी"




**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी ने बताया कि एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर मनीषा पाठक सोनी एवं उप पुलिस अधीक्षक ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान "नशे से दूरी है जरूरी" का आरंभ आज 15 जुलाई से किया गया है, जो 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को नियंत्रित करना, समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना, एवं नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इसी कड़ी में जीआरपी इंदौर ने तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए अभियान के पहले ही दिन प्रभावी और व्यापक कार्यवाही की । रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थानों – प्लेटफॉर्म, पार्किंग एरिया, प्रतीक्षालय, कुली संगठनों और यात्री समूहों के बीच व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।

## रेलवे कर्मचारियों व वेंडरों के बीच संवाद

जीआरपी अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से सीधा संवाद कर नशे से दूर रहने व अपने साथियों को प्रेरित करने की अपील की गई। इस अवसर पर जीआरपी इंदौर के अधिकारियों ने बताया कि पुलिस स्टेशन क्षेत्र सीमित होने के बावजूद इस अभियान को पूरी संकल्पबद्धता और रणनीति के साथ चलाया जाएगा। सभी थाना/चौकी प्रभारी प्रतिदिन एक विशेष एक्टिविटी करेंगे, जिसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना हैं
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स